प्रेषक,

सचिव
माध्यमिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

1– समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।

3– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0 / शोध–11 / 103 / 2021–22 दिनांकः 14 अगस्त 2021

विषयः **शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर का निर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है कि शासन के पत्र संख्याः 1774/ 15–7–2020–1(43) / 2021 दिनांक 14–8–2021 द्वारा अनुमोदनोपरान्त शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि शैक्षिक पंचाग के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों का सम्यक् संचालन कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही इसका पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण भी किया जाय।

संलग्नक – उक्तवत।

भवदीय

(दिब्यकांत शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठांकन सं० – मा०शि०प० / शोध–11 / 103–5 दिनांकः 14 अगस्त 2021

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3– शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद, शिविर कार्यालय, लखनऊ।
4– अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक / राजकीय / व्यावसायिक शिक्षा एवं पत्राचार) शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज / लखनऊ।
5– क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, मेरठ / बरेली / प्रयागराज / वाराणसी एवं गोरखपुर।

(दिब्यकांत शुक्ल)
सचिव।

संख्या– 1774/15–7–2020–1(43)/2021

प्रेषक,

आराधना शुक्ला,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक(मा0) एवं सभापति
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7 लखनऊः दिनांक 14 अगस्त, 2021

विषयः–शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर का निर्धारण किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज के पत्र संख्या–मा0शि0प0/शोध–11/65 दिनांक 13.08.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर उपलब्ध कराते हेतु अनुमोदित किए जाने की व्यवस्था की गयी है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र द्वारा प्रेषित शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु एकेडमिक कैलेण्डर अनुमोदनोपरान्त संलग्न कर अवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलनक–यथोपरि।

भवदीया,

14.08.2021

(आराधना शुक्ला)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– (1)/15–7–2021–1(43)/2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषितः–

1. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज उनके पत्र दिनांक 13.08.2021 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. गार्डबुक।

आज्ञा से,

(आफाक अहमद)
अनु सचिव।

AtrGO2020

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शिक्षण कार्यः–<br>1–विभिन्न कक्षाओं में ऑनलाइन शिक्षण कार्य प्रारम्भ किये जाने की तिथि<br>2–विद्यार्थियों की भौतिक उपस्थिति में कक्षाओं का संचालन | 20 मई, 2021<br><br>16 अगस्त, 2021 |
| 2. | अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | नवम्बर, 2021 के द्वितीय सप्ता में |
| 3. | अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा की लिखित परीक्षा का आयोजन<br>(मासिक शैक्षिक पंचाग में 15 नवम्बर तक सभी विषयों के पढ़ाने हेतु निर्धारित किये गये पाठ्यक्रम के आधार पर) | नवम्बर, 2021 के तृतीय सप्ताह में |
| 4. | अर्द्ध–वार्षिक परीक्षा के प्राप्तांकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर अपलोड करना | दिसम्बर, 2021 के द्वितीय सप्ताह तक |
| 5. | सभी कक्षाओं में ऑनलाइन / ऑफलाइन शिक्षण कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि –<br>कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 हेतु – | 15 जनवरी, 2022 |
| 6. | प्री–बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन – | 24 से 31 जनवरी, 2022 |
| 7. | प्री–बोर्ड की लिखित परीक्षा तथा कक्षा 9 एवं 11 की वार्षिक गृह परीक्षा का आयोजन | फरवरी, 2022 के प्रथम सप्ताह से |
| 8. | प्री–बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांकों तथा वार्षिक गृह परीक्षा के प्राप्ताकों को माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर अपलोड करना | फरवरी, 2022 के तृतीय सप्ताह तक |
| 9. | बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन | फरवरी, 2022 के चतुर्थ सप्ताह में |
| 10. | बोर्ड परीक्षा का आयोजन | मार्च, 2022 के चतुर्थ सप्ताह |
| 11. | आगामी शैक्षिक सत्र 2022–23 के प्रारम्भ की तिथि | अप्रैल, 2022 |

नोट :–

1– उपरोक्त तिथियाँ भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोविड 19 महामारी के सम्बन्ध में जारी किये जाने वाले दिशा निर्देशों के अधीन होंगी।

2– कोविड–19 के दृष्टिगत विद्यालयों में पठन–पाठन हेतु समय का निर्धारण के संबंध में सक्षम स्तर से आदेश निर्गत किये जा सकते हैं।

## (ख) सामान्य निर्देश

**(समस्त निर्देशों के पालन में कोविड–19 के सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए)**

1. जनसामान्य को जानकारी प्रदान करने के लिए उक्त एकेडमिक कैलेण्डर को जिला विद्यालय निरीक्षक, संयुक्त शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाये।

2. ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण के दौरान प्रथम वादन से पूर्व, आरम्भ के 15 मिनट प्रातःकालीन प्रार्थना सभा हेतु निर्धारित होंगे जिसमें प्रार्थना होगी तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा 'आज का सुविचार' प्रस्तुत किया जायेगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक दिन किसी नैतिक/प्रासंगिक विषय जैसे– जीवन में मूल्यों का महत्व एवं मूल्यपरक शिक्षा यथा–चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति, समाज सेवा, कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा आदि, महापुरुषों का जीवन चरित्र, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य–स्वच्छता एवं रोड सेफ्टी आदि पर विचार प्रस्तुत किये जायेंगे।
3. उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक पक्ष में एक दिन विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक करने के लिए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, डॉक्टर, इन्जीनियर, बैंक के अधिकारी, सेवायोजन अधिकारी, न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारी, उद्यमियों अन्य प्रतिष्ठित महानुभावों को सम्बोधन हेतु आमंत्रित किया जाय।
4. पाठयक्रम की पूर्ति हेतु विद्यालय स्तर पर भौतिक कक्षाओं के साथ–साथ ऑनलाइन कक्षाओं का भी संचालन किया जाय तथा उसकी समय–सारणी विद्यार्थियों को समय से उपलब्ध करा दी जाए।
5. डी0डी0यू0पी0, ई0विद्या–9, ई0विद्या–11 एवं स्वयं प्रभा पर कक्षावार प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत समय सारणी के दिशा निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।
6. पाठ्य पुस्तकें दीक्षा पोर्टल पर ई–बुक्स के रूप में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज की वेबसाईट पर लिंक के रूप में उपलब्ध है जहां से पुस्तकों को विद्यार्थियों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य शिक्षण सामग्री दीक्षा पोर्टल एवं यूट्यूब पर लिंक से माध्यम से वेबसाईट पर उपलब्ध है।
7. शिक्षक ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण के माध्यम से विभिन्न प्रयोगात्मक कार्य एवं प्रोजेक्ट कार्य को सम्पन्न करायेंगे एवं दीक्षा पोर्टल/यूट्यूब/वाट्सएप एवं अन्य पोर्टलों पर अध्ययन सामग्रियों के लिंक के माध्यम से पाठ्य वस्तु छात्रों हेतु उपलब्ध करायेंगे।
8. ऑनलाइन शिक्षण को प्रभावी रूप से लागू किये जाने के निमित्त जिला विद्यालय निरीक्षक वेबिनार्स तथा ऑनलाइन ट्यूटोरियल के माध्यम से प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षित करेंगे। तदुपरान्त प्रधानाचार्य अपनी संस्था के शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे।
9. उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा पाठ्यक्रम को संक्षिप्त करते हुए पाठ्यक्रम को गत वर्ष की भांति 30 प्रतिशत तक कम करके माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त पाठ्यक्रम के अनुसार ही शिक्षण कार्य कराया जाये।
10. 'हैण्ड्स ऑन एक्टीविटीज' एवं एक्सपेरिएन्शियल लर्निंग (Experiential) विधा को गणित एवं विज्ञान विषय में लागू किये जाने हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
11. शैक्षणिक गतिविधियों में जीवन कौशल शिक्षा एवं 21वी शताब्दी कौशल के समावेश हेतु सप्ताह में दो वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
12. विद्यार्थियों द्वारा लाइब्रेरी के समुचित उपयोग हेतु प्रत्येक सप्ताह में एक वादन निर्धारित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

13. वर्तमान सत्र में कक्षा–9 की लिखित अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा प्रश्नपत्र के नये प्रारूप के आधार पर होगी। प्रश्नपत्र में दो खण्ड होंगे। प्रथम खण्ड में पूर्णांक के 30 प्रतिशत अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा द्वितीय खण्ड में पूर्णांक के 70 प्रतिशत अंकों के वर्णनात्मक प्रश्न होंगे।
14. अर्द्धवार्षिक परीक्षा मासिक शैक्षिक पंचाग के अनुसार 15 नवम्बर तक निर्धारित पाठ्यक्रम से ली जायेगी।
15. प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक–अभिभावक समिति की अर्धवार्षिकद्ध (कक्षा–10 एवं 12) एवं वार्षिक (कक्षा–9 एवं 11) परीक्षा के बाद बैठक आयोजित की जाए जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति पर विचार विमर्श किया जा सके।
16. खेल–कूद, एन0सी0सी0, स्काउटिंग, एन0एस0एस0 एवं सांस्कृतिक/साहित्यिक गतिविधियों की रूपरेखा जुलाई माह में तैयार कर सदनवार टीमों का चयन ऑनलाइन माध्यम से किया जाए।
17. प्रत्येक माह के प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा –

- माह के प्रथम शनिवार को सदनवार सांस्कृतिक गतिविधियों यथा नृत्य, गीत, वादन, नाटक, चित्रकला आदि का आयोजन किया जाये।
- द्वितीय शनिवार को खेलकूद आधारित सदनवार प्रतियोगिताएं आयोजित की जायें (भौतिक रूप से विद्यालय खुलने की स्थिति में)।
- तृतीय शनिवार को पाठ्य सहगामी क्रियाओं यथा निबन्ध लेखन, भाषण, वाद–विवाद एवं सुलेख आदि का सदनवार आयोजन किया जाये।
- चतुर्थ शनिवार को किशोर संसद/सांस्कृतिक/पाठ्य सहगामी क्रियाओं पर आधारित सदनवार प्रतियोगिताएं करायी जायें।

सत्र के आरम्भ में प्रधानाचार्य शिक्षकों के साथ विचार–विमर्श करके 35 कार्यकारी शनिवारों को आयोहित होने वाली गतिविधियों की समय–सारिणी तैयार कर लें तथा इनसे शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी ससमय सूचित कर दिया जाय।

18. महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए दिनांक 21 अगस्त,2021 से दिसम्बर, 2021 तक संचालित ''मिशन शक्ति'' अभियान के तृतीय चरण के कार्यक्रमों का संचालन किया जाय।
19. विद्यार्थियों का स्वास्थय परीक्षण कराकर स्वास्थय कार्ड तैयार कराया जाय।
20. सदनवार खेलकूद प्रतियोगिताएं सर्वप्रथम विद्यालय स्तर पर आयोजित की जायें तत्पश्चात् जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर तथा राज्य स्तर पर आयोजित करायी जायें एवं प्रत्येक स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाय।
21. महापुरूषों की जयन्ती दिवस पर उनके जीवन एवं योगदान के विषय में प्रार्थना सभा के उपरान्त 30 मिनट की चर्चा एवं विद्यालयों में ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से निबन्ध, पोस्टर एवं वाद विवाद प्रतियोगिता कराकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए।
22. शनिवार को छोड़कर शेष शिक्षण दिवसों में अंतिम वादन खेल–कूद एवं शारीरिक व्यायाम/योग हेतु निर्धारित किया जाए।
23. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई–मेल आई0डी0 बनवायी जाय तथा उसके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जाय। प्रत्येक विद्यालय

द्वारा अपनी वेबसाइट विकसित की जाए। वेबसाइट का कार्य सितम्बर से नवम्बर माह के मध्य तक पूर्ण कर लिया जाये।

24. दिसम्बर माह के चतुर्थ सप्ताह में सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं मुख्य अतिथि के रूप में गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाये।
25. विद्यालय में दिसम्बर माह में विशेषज्ञों के नेतृत्व में कक्षा–12 के विद्यार्थियों हेतु कैरियर काउन्सलिंग सप्ताह का आयोजन किया जाए।
26. विद्यार्थियों की प्रगति एवं प्रयासों के सम्बंध में फीडबैक हेतु स्टूडेन्ट डायरी उपलब्ध करायी जाए।
27. विद्यालय की स्मारिका प्रकाशित की जाए और इसकी एक प्रति यू0पी0 बोर्ड को उपलब्ध करायी जाय तथा बच्चों को लेख लिखने हेतु प्रोत्साहित किया जाय।
28. विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड में अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक अंकित किये जाएंगे तथा उसमें विद्यार्थी के स्वास्थ्य का विवरण भी अंकित होगा। समरूपता हेतु इसका प्रारूप बोर्ड द्वारा जारी किया जायेगा।
29. राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विषय में विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाय तथा प्रत्येक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के संबंध में स्कूल प्लान विकसित किया जाय जिसमें स्कूल स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों को सम्मिलित किया जाय ।

नोट :– सभी विद्यालयों द्वारा वार्षिक शैक्षिक पंचाग में दिये गये समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## (ग) माहवार गतिविधियां

### मई, जून एवं जुलाई

1. दिनांक 20 मई 2021 से ऑनलाइन शिक्षण कार्य प्रारम्भ।

### अगस्त

1. दिशा निर्देशों के अनुसार सभी कक्षाओं में प्रवेश कार्य पूर्ण कर लिया जाए।
2. साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों की सदनवार प्रतियोगिताएं आयोजित कराना।
3. 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के व्यक्तित्व एवं योगदान पर चर्चा तथा देशभक्ति विषयक कार्यक्रमों का आयोजन।
4. पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं छात्र–छात्राओं को अपने घर के आसपास वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना।
5. कक्षा 10 तथा 12 के बोर्ड परीक्षा के आवेदन पत्र भराना तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को समय से प्रेषित करने का कार्य बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाये।
6. इन्सपायर अवार्ड के योजनान्तर्गत यथासम्भव जनपदस्तरीय प्रदर्शनी व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्र–छात्राओं की तैयारी।
7. विद्यालय स्तर पर विज्ञान क्लब का आयोजन कराया जाय।
8. विद्यालयों में सदनवार शारीरिक व्यायाम एवं योग आधारित प्रतियोगिता का आयोजन।
9. विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।

## सितम्बर

1. दिनांक 01 से 15 सितम्बर तक हिन्दी पखवारे के अवसर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से संगोष्ठी, सम्पूर्णानन्द वाद–विवाद; महीयसी महादेवी वर्मा वाद–विवाद एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन।
2. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से इन्सपायर अवार्ड योजनान्तर्गत जनपद में चयनित छात्रों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तैयारी व प्रतिभाग कराना।
3. समस्त पाठ्यक्रम के निर्धारित मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को ऑनलाइन शिक्षण से पूर्ण किया जाये।
4. 05 सितम्बर के दिन शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय स्तर पर शिक्षकों का अभिनंदन कार्यक्रम। डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र पर चर्चा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विषय में विद्यालयों में कार्यशाला का आयोजन किया जाय तथा प्रत्येक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के क्रियान्वयन के संबंध में स्कूल प्लान विकसित किया जाय जिसमें स्कूल स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों को सम्मिलित किया जाय ।
5. कक्षा 8 में अध्ययनरत अर्ह छात्र–छात्राओं की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा एवं कक्षा–10 में अध्ययनरत इच्छुक छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए आवेदन पत्र भरवाना।
6. 24 सितम्बर को पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के अवसर पर उनकी जीवन गाथा और विचारों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन।
7. विद्यालय की वेबसाइट विकसित करने का कार्य आरम्भ कर दिया जाए।
8. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।
9. डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों द्वारा अपने प्रत्येक पंजीकृत विद्यार्थी से उनकी ई–मेल आई0डी0 बनवायी जाय तथा उसके प्रयोग हेतु उन्हें प्रशिक्षित किया जाय। प्रत्येक विद्यालय द्वारा अपनी वेबसाइट विकसित की जाए। वेबसाइट का कार्य सितम्बर से नवम्बर माह के मध्य तक पूर्ण कर लिया जाये।

## अक्टूबर

1. 02 अक्टूबर को गांधी जयन्ती के अवसर पर छात्र–छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के लिए 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन एवं निबन्ध/पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन।
2. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण से पूर्ण किया जाये।
3. विज्ञान प्रदर्शनी की जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में विद्यालय टीम का प्रतिभाग सुनिश्चित करना।
4. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन हेतु छात्रों एवं अध्यापकों को अवगत कराना तथा लेख कविता एवं अन्य सामग्री का आमन्त्रण।
5. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से जनपद स्तरीय वाद–विवाद प्रतियोगिताओं हेतु छात्रों का चयन तथा उनकी तैयारी।
6. 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती की उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शिक्षकों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं को ''राष्ट्रीय एकता शपथ'' दिलाना तथा सरदार पटेल के दूरदर्शितापूर्ण अनुकरणीय कार्यों पर चर्चा हेतु विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रमों का आयोजन।
7. कला उत्सव की तैयारी।

8. बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन।
9. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।

### नवम्बर

1. समस्त पाठ्यक्रम का आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण से पूर्ण किया जाये।
2. 11 नवम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर समाज की भलाई के लिए साक्षरता एवं शिक्षा के महत्व पर सेमिनार, निबन्ध लेखन, स्लोगन राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन।
3. 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर एक सुव्यवस्थित और सम्पन्न राष्ट्र के निर्माण के लिए नागरिकों को बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु ऑनलाइन कार्यक्रम।
4. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हेतु छात्रों के मार्गदर्शन हेतु विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था।
5. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन।
6. विद्यालय की वेबसाइट विकसित करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।
7. बोर्ड की अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन।
8. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।

### दिसम्बर

1. अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल तैयार करना।
2. अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।
3. अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल को साझा करने के लिए शिक्षक–अभिभावक बैठक आयोजित करना।
4. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण से पूर्ण किया जाये।
5. दिनांक 01 दिसम्बर को 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर छात्र–छात्राओं को एड्स की बीमारी एवं उससे बचाव के सम्बन्ध में ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन।
6. कक्षा 8 के छात्र–छात्राओं से एकीकृत छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भराना।
7. सामाजिक दूरी का पालन करते हुए विज्ञान कांग्रेस का आयोजन।
8. चतुर्थ सप्ताह में वार्षिकोत्सव का आयोजन।
9. अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आधार पर कमजोर छात्र–छात्राओं के उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था।
10. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।
11. विशेषज्ञों द्वारा कक्षा–12 के विद्यार्थियों की कैरियर काउन्सलिंग हेतु 'कैरियर काउन्सिलिंग सप्ताह' का आयोजन।

### जनवरी

1. समस्त पाठ्यक्रम के आनुपातिक मासिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को ऑनलाइन/ऑफलाइन शिक्षण से पूर्ण किया जाये।
2. सभी कक्षाओं में पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया जाय।
3. प्री–बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
4. 11 से 17 जनवरी–राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का ऑनलाइन/ऑफलाइन आयोजन।

5. 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य एवं विविध कलाओं की प्रस्तुति एवं संवर्द्धन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजन।
6. 25 जनवरी को मतदाता दिवस के अवसर पर देश की राजनैतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन।
7. 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संस्था अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण एवं देशभक्ति की भावना को प्रेरित करने और देश की विविध सांस्कृतिक समृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजन।
8. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।

## फरवरी

1. बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन।
2. प्रथम सप्ताह से प्री–बोर्ड परीक्षा का आयोजन।
3. प्रथम सप्ताह से कक्षा 09 एवं 11 की वार्षिक गृह परीक्षाओं का आयोजन।
4. 10 फरवरी डी–वर्मिंग डे का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजन।
5. नियोजित साक्षरता कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं तत्सम्बन्धी आख्या का जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषण।
6. कोविड 19 के संक्रमणसे बचावके लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा की तैयारी ।
7. ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से परिषदीय परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र उपलब्ध कराना।
8. 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने, विज्ञान के क्षेत्र में नये प्रयोगों के लिए प्रेरित करने, विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने तथा लोगों के मन में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने के लिए कार्यक्रमों का ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजन।
9. स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।
10. गृह परीक्षा एवं प्री बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं परीक्षाफल तैयार करना।
11. गृह परीक्षा एवं प्री–बोर्ड परीक्षा प्राप्तांकों को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना।

## मार्च

1–08 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर ''महिला सशक्तिकरण'' विषय पर संगोष्ठी का ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से आयोजन।
2–बोर्ड परीक्षा का आयोजन।
3–ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से छात्रों की गृह परीक्षा के परीक्षाफल का वितरण।
4–कार्यालय द्वारा छात्रों की सभी कक्षाओं के परीक्षाफल को छात्र पंजिका में अंकित करवाना।
5–आगामी सत्र के प्रवेश कार्य हेतु तैयारी।
6–स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय।